## चालदा महासू महाराज मंदिर में विराजमान

सतीश शर्मा। सिरमोर
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सीमावर्ती पश्मी गांव के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब छत्रधारी चालदा महासू महाराज ब्रह्म मुहूर्त में विधि-विधान के साथ नए महासू मंदिर में विराजमान हुए। सुबह करीब 4 बजे हुए इस पावन अनुष्ठान के साक्षी बनने के लिए हजारों श्रद्धालु गांव में एकत्रित हुए। पूरे क्षेत्र में आस्था, भक्ति और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। बताया जा रहा है कि छत्रधारी चालदा महासू महाराज अब आगामी एक वर्ष तक पश्मी गांव में विराजमान रहेंगे। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 5 से 6 वर्षों से महाराज के आगमन की प्रतीक्षा की जा रही थी, जो आज पूर्ण हुई। जैसे ही महाराज मंदिर में विराजमान हुए, श्रद्धालुओं ने जयकारों और पारंपरिक देव वाद्य यंत्रों के साथ इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया।

## विदेश में रोजगार करने का सुनहरा अवसरः धर्मशाला में कैंपस इंटरव्यू

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़ | शिमला


क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार। - समर न्यूज़

विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। जिला मुख्यालय धर्मशाला के दाड़ी स्थित आईटीआई परिसर में मंगलवार को विशेष कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन और श्रम एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू में विदेशों में नौकरी के इच्छुक युवाओं को सीधे चयन का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो युवाओं का मार्गदर्शन भी करेंगे। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत डिलीवरी बॉय के पदों के लिए वैकेंसी आई है, जिनके लिए 70 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक मासिक वेतन निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दसवीं पास ऐसे युवा, जिनके पास वैध पासपोर्ट है, उनके लिए वेयरहाउस से जुड़े पदों पर भी इंटरव्यू लिया जाएगा। अक्षय कुमार ने कहा कि बीते समय में कई युवा विदेश में नौकरी के सपने के चलते धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। इसी समस्या को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है, ताकि युवाओं को सुरक्षित और प्रमाणिक माध्यम से विदेश में रोजगार मिल सके।

# बिजली सस्ती करने की तैयारी

### बोर्ड की लागत घटाने की रणनीति से उपभोक्ताओं को राहत

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आ सकती है। वर्ष 2026-27 की शुरुआत यानी 1 अप्रैल 2026 से राज्य में बिजली दरें मौजूदा स्तर पर बनी रह सकती हैं या इनमें और कमी संभव है। इसकी बड़ी वजह राज्य बिजली बोर्ड द्वारा अपनाई गई नई वित्तीय रणनीति और लागत नियंत्रण के उपाय हैं। बिजली बोर्ड ने हाल के महीनों में महंगे कर्ज से बाहर निकलकर सस्ते ऋण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इससे ब्याज भुगतान का बोझ कम हुआ है, जिसका सीधा फायदा टैरिफ निर्धारण में मिल सकता है। इसके साथ ही ट्रांसमिशन खर्च में कमी और आउटसोर्स भर्ती के कारण कर्मचारियों पर होने वाला व्यय भी घटा है। हालांकि दूसरी ओर बोर्ड की पेंशन देनदारी लगातार बढ़ती जा रही है, जो एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।अगले वित्त वर्ष के लिए बिजली दरें तय करने को लेकर बोर्ड ने 29 नवंबर को राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर दी है। आयोग को 31 मार्च 2026 से पहले इस पर फैसला लेना है। याचिका दायर होने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं इस पूरे मामले की समीक्षा की थी। सरकार का रुख साफ है कि आगामी वित्त वर्ष में उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए। सब्सिडी को लेकर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा। प्रदेश में करीब 28 लाख घरेलू और लगभग दो लाख व्यावसायिक बिजली उपभोक्ता हैं। मौजूदा व्यवस्था के तहत 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त है, जबकि 126 से 300 यूनिट तक 5.90 रुपये और उससे ऊपर 6.76 रुपये प्रति यूनिट दर लागू है। फिलहाल संकेत हैं कि ये दरें बरकरार रह सकती हैं या इनमें और कटौती हो सकती है।बिजली बोर्ड की वित्तीय तस्वीर पर नजर डालें तो कर्मचारियों की तुलना में पेंशन पर खर्च कहीं अधिक है। जहां करीब 13 हजार नियमित कर्मचारी हैं, वहीं पेंशनरों की संख्या 30 हजार के आसपास पहुंच चुकी है। सालाना वेतन खर्च लगभग 900 करोड़ रुपये है, जबकि पेंशन पर करीब 2000 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं।इसके अलावा बिजली बोर्ड जितनी बिजली बेचता है, उससे अधिक खरीद भी रहा है। यही कारण है कि लागत संतुलन बनाए रखना बोर्ड और सरकार दोनों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। बावजूद इसके, उपभोक्ताओं को राहत देने की कोशिशें तेज होती दिख रही हैं।

## एनएचएम कर्मचारियों की अनदेखी

### सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

मंडी में आयोजित नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारी महासंघ के चौथे जिला अधिवेशन में वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा रोष जताया। कर्मचारियों का कहना है कि दो दशक से अधिक समय से वे स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें आज तक नियमित नहीं किया गया। हाईकोर्ट का फैसला कर्मचारियों के पक्ष में आने के बाद अब सरकार को बिना किसी टकराव की स्थिति बनाए एनएचएम कर्मियों को नियमित करना चाहिए। अधिवेशन के दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

महासंघ के प्रदेश विधिक सलाहकार राकेश कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब तक आई सभी सरकारों ने एनएचएम कर्मचारियों का शोषण किया है। यह कर्मचारी दिन-रात प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें न तो स्थायी नीति मिली और न ही नियमित वेतनमान।राकेश कुमार ने कहा कि एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत 52 श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए एक स्थायी नीति बनाई जानी चाहिए। उन्हें नियमित पे-स्केल दिया जाए, ईपीएफ की कटौती सुनिश्चित की जाए और लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। उन्होंने सरकार द्वारा ऐप के माध्यम से हाजिरी लगाने की योजना का भी विरोध किया और कहा कि बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान के कर्मचारियों पर इस तरह के फैसले थोपना अनुचित है। इस अवसर पर महासंघ के जिला स्तरीय चुनाव भी सर्वसम्मति से संपन्न हुए। नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें नवनीत गुलेरिया को जिला अध्यक्ष चुना गया।

## भाजपा में युवा नेतृत्व को दी नई जिम्मेदारी

### नितिन नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर नेताओं ने जताया विश्वास

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़


अनुराग ठाकुर और नितिन नबीन। - समर न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक और दूरदर्शी कदम बताया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने सदैव युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदारी सौंपने की नीति अपनाई है। नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना उसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन ने संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर अपने कार्य, अनुशासन और जनसेवा के माध्यम से एक मजबूत पहचान बनाई है। बिहार की राजनीति में उनका योगदान, संगठनात्मक अनुभव और विकास के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उपयुक्त बनाता है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भी नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन भाजपा की युवा नेतृत्व पर मजबूत आस्था को दर्शाता है। वे बड़ी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाने की क्षमता रखते हैं। प्रो. धूमल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना संगठन के लिए नई ऊर्जा और नई दिशा लेकर आएगा। उनकी कार्यशैली संवाद आधारित, परिणामोन्मुख और समावेशी रही है, जिससे पार्टी को भविष्य में लाभ मिलेगा।

## विधायक जनक राज ने कल्पा में विश्व के प्रथम मतदाताओं से की मुलाकात


भरमौर विधायक जनक राज, सरिता कुमारी, यशवंत नेगी और चंद्र प्रकाश। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | शिमला

भरमौर से विधायक जनक राज सोमवार को किन्नौर जिले के कल्पा पहुंचे, जहां उन्होंने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रथम मतदाता रहे स्वर्गीय श्याम शरण नेगी जी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक जनक राज ने स्वर्गीय नेगी जी के लोकतंत्र के प्रति योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कल्पा की प्रधान बहन सरिता कुमारी, भारतीय जनता पार्टी किन्नौर के जिलाध्यक्ष भाई यशवंत नेगी तथा स्वर्गीय श्याम शरण नेगी जी के सुपुत्र चंद्र प्रकाश जी भी उपस्थित रहे। विधायक जनक राज ने परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में स्वर्गीय नेगी जी का योगदान देश के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा।

## अनुराग ठाकुर ने टीम इंडिया को जीत पर दी बधाई

### यह मैच सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मैचों में से एक रहा

समर न्यूज़ | धर्मशाला


अनुराग सिंह ठाकुर खिलाडी से मिलते हुए। - समर न्यूज़

हमीरपुर से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों की श्रृंखला में 2–1 की बढ़त हासिल करने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह मुकाबला पुरुष क्रिकेट के सबसे रोमांचक और सबसे ज्यादा देखे जाने वाले मैचों में से एक रहा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि टीम इंडिया ने अब या कभी नहीं की भावना के साथ मैदान पर उतरकर जिस जज्बे, आत्मविश्वास और एकजुटता का प्रदर्शन किया, वह काबिल-ए-तारीफ है।

खिलाड़ियों ने पूरे मैच में आक्रामकता और अनुशासन का बेहतरीन संतुलन दिखाया। उन्होंने धर्मशाला के अत्याधुनिक और खूबसूरत स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले को यादगार बताते हुए कहा कि खचाखच भरे स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का जोश और उत्साह इतना जबरदस्त था कि बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं से आती ठंड भी मानो पीछे छूट गई।

मैदान और पवेलियन में मौजूद हर व्यक्ति देशभक्ति और क्रिकेट के जुनून से सराबोर नजर आया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला ने एक बार फिर खुद को विश्व के सबसे बेहतरीन क्रिकेट स्थलों में साबित किया है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और खेल उत्कृष्टता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि टीम इंडिया इस जीत की लय को बनाए रखते हुए आगामी मुकाबलों में भी देश का नाम रोशन करेगी।

## संजौली मस्जिद की अवैध मंजिलें गिराने की मांग तेज

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली स्थित विवादित मस्जिद को लेकर विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। हिंदू संघर्ष समिति ने सोमवार को शिमला नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मस्जिद की अवैध घोषित ऊपरी मंजिलों को तत्काल गिराने की मांग की। समिति का कहना है कि मस्जिद की ऊपरी दो मंजिलों को अदालत द्वारा अवैध करार दिया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक इन्हें नहीं हटाया गया है। ज्ञापन में नगर निगम से कोर्ट के आदेशों का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने और कार्रवाई के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय करने की मांग की गई है। हिंदू संघर्ष समिति के सह-संयोजक मदन ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने मस्जिद की निचली दो मंजिलों को लेकर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं, जिनका समिति सम्मान करती है। हालांकि, ऊपरी दो मंजिलें अवैध घोषित हो चुकी हैं और उन्हें तुरंत गिराया जाना चाहिए।

## हमीरपुर में आज चिट्टा विरोधी मेगा वॉकथॉन, हजारों लोग होंगे शामिल

समर न्यूज़ | हमीरपुर


बलवीर सिंह ठाकुर वार्ता के दौरान। - समर न्यूज़

प्रदेश सरकार के चिट्टा विरोधी अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा एक विशाल मेगा वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों सहित करीब दस हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलवीर सिंह ठाकुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में यह मेगा वॉकथॉन शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान से शुरू होगी। पदयात्रा नादौन चौक, गांधी चौक, मुख्य बाजार, भोटा चौक और हथली खड्ड पुल से होते हुए दोसड़का स्थित पुलिस मैदान में संपन्न होगी। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। एसपी ने बताया कि वॉकथॉन से पूर्व ब्वायज स्कूल मैदान में हिमाचल प्रदेश पुलिस के प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा "हार्मनी ऑफ पाइन्स" द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही सभी प्रतिभागियों को नशे, विशेषकर चिट्टा के खिलाफ शपथ दिलाई जाएगी, जिसके बाद पदयात्रा आरंभ होगी।

## मंडी में आधी रात को भूकंप से डोली धरती

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में मध्य रात्रि भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे कुछ समय के लिए लोगों में दहशत का माहौल बन गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई। हालांकि झटके हल्के थे, लेकिन रात के समय अचानक आए कंपन के कारण कई लोग घरों से बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप मंगलवार देर रात 1 बजकर 21 मिनट 20 सेकंड पर आया। भूकंप का केंद्र शिमला और मंडी जिला की सीमा से सटे करसोग उपमंडल के धलोग क्षेत्र में स्थित था। भूकंप की गहराई पृथ्वी की सतह से लगभग 5 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) मंडी की ओर से बताया गया कि भूकंप के कारण जिले में किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## हिमाचल कांग्रेस में बढ़ता दिखा बिखराव

### दिल्ली रैली में अलग–अलग खेमों में बंटी हुई नजर आई कांग्रेस

समर न्यूज़ | हमीरपुर



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव के साथ ही बिखराव की तस्वीरें सामने आने लगी हैं। प्रदेश को नया कांग्रेस अध्यक्ष मिलते ही पार्टी के भीतर गुटबाजी खुलकर दिखने लगी है। दिल्ली में आयोजित रैली के दौरान हिमाचल कांग्रेस अलग–अलग खेमों में बंटी हुई नजर आई, जिससे संगठन और सरकार के बीच तालमेल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

दिल्ली रैली में एक ओर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह कुछ कार्यकर्ताओं के साथ रैली स्थल पर पहुंचे, वहीं मुख्यमंत्री हिमाचल से गए कार्यकर्ताओं के साथ कहीं नजर नहीं आए। मुख्यमंत्री मंत्रियों के साथ सीधे रैली स्थल पर पहुंचे, जिससे यह संदेश गया कि पार्टी के भीतर समन्वय की कमी है।

यह रैली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के पद संभालने के बाद पहली बड़ी राजनीतिक परीक्षा मानी जा रही थी। दावा किया गया था कि हिमाचल प्रदेश से 3000 से अधिक कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे, लेकिन हकीकत में यह संख्या सैकड़ों तक ही सीमित रह गई।

इससे संगठन की जमीनी पकड़ और नेतृत्व की एकजुटता पर भी सवाल उठने लगे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह घटनाक्रम हिमाचल कांग्रेस और सरकार के शीर्ष नेतृत्व के बीच बढ़ती दूरी का संकेत है। अगर यही हालात बने रहे तो आने वाले दिनों में कांग्रेस की गुटबाजी और गहरी हो सकती है, जिसका सीधा असर संगठन की कार्यप्रणाली पर पड़ेगा। साथ ही, नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए यह स्थिति मुश्किलें बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

## शिमला में आग से पुराना मकान जलकर खाक

समर न्यूज़ | बनमोर

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रविवार रात आग लगने की एक बड़ी घटना सामने आई। शहर के बनमोर इलाके में स्थित एक पुराना मकान अचानक आग की चपेट में आ गया, जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के समय मकान मालिक दिल्ली में थे, जिसके चलते किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, जब तक आग पर नियंत्रण पाया गया, तब तक मकान पूरी तरह जल चुका था और भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और दमकल विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है ताकि आग लगने की वजह स्पष्ट हो सके।

विरोध

### हिमाचल के नेताओं ने गिराई देवभूमि की गरिमा

## लोकतंत्र में असहमति का अधिकार हैः जयराम

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली के दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित नारों की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की राजनीतिक हताशा, कुंठा और गिरते वैचारिक स्तर का स्पष्ट प्रमाण है। प्रधानमंत्री के खिलाफ बार-बार आपत्तिजनक टिप्पणी कांग्रेस के नेताओं के मानसिक दिवालियापन और जनता द्वारा नकार दिए जाने की हताशा है। इसी कारण कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आला नेताओं द्वारा बार-बार नरेंद्र मोदी को चुनने वाली जनता और प्रधानमंत्री का अपमान किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जैसे-जैसे देश की जनता कांग्रेस को नकारती जा रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस अपने नैतिक और राजनीतिक स्तर से लगातार गिरती जा रही है। मुद्दों, नीतियों और जनहित के सवालों पर चर्चा करने में असफल कांग्रेस अब गाली-गलौज और घटिया नारेबाज़ी की राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि बिहार के चुनाव इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बिहार में भी कांग्रेस और उसके नेताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया और उसकी ऐतिहासिक दुर्गति सबके सामने है। कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि प्रधानमंत्री का अपमान करके वह अपने हारे नकारे नेताओं की खुशामद भले कर ले देश वासियों का विश्वास नहीं जीत सकती है। जिस तरह बिहार में कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति हुई, उसी तरह आने वाले समय में देश भर में कांग्रेस दुर्गति होगी। देशवासियों द्वारा नकारने के बाद कांग्रेस की यह अराजकता और निकृष्टता की पराकाष्ठा को यह देश कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की संस्कार और मर्यादाहीन टिप्पणी करने वालों को यह देश आगे भी सबक सिखाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की इस रैली में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे और उनकी मौजूदगी में प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के विरुद्ध इस तरह के नारे लगाए गए और उन्होंने इसका विरोध भी नहीं किया। यह न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि हिमाचल प्रदेश की गरिमा और छवि को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है।

## हमीरपुर में मौसमी की बंपर पैदावार किसानों की आय में हुआ बड़ा इजाफा

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़



हमीरपुर जिले में उद्यान विभाग की दूरदर्शी पहल अब किसानों और बागवानों के लिए लाभ का सौदा साबित हो रही है। वर्ष 2020 में उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बंजर पड़ी भूमि में मौसमी की खेती के लिए प्रेरित किया गया था। किसानों ने विभाग के मार्गदर्शन में इस योजना को अपनाया और अब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। वर्ष 2023 से किसानों को मौसमी की फसल से लगातार लाभ मिल रहा है और इस वर्ष जिले में मौसमी की बंपर पैदावार दर्ज की गई है। उद्यान विभाग के अनुसार, इस बार हमीरपुर जिले में करीब 165 क्विंटल मौसमी का उत्पादन हुआ है। उच्च गुणवत्ता वाली मौसमी की इस पैदावार से किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि किसान मौसमी की खेती के साथ-साथ उसी भूमि पर अन्य फसलों की भी बुआई कर रहे हैं, जिससे उन्हें दोहरी कमाई का अवसर मिल रहा है। जो खेत कभी बंजर पड़े रहते थे, आज वही खेत किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग ने रिलायंस कंपनी के साथ टाई-अप किया है। इस समझौते के तहत रिलायंस कंपनी ए और बी ग्रेड की मौसमी की खरीद करेगी, जिससे किसानों और बागवानों को बेहतर दाम मिल सकें। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए बाजार की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और उन्हें घर बैठे ही उचित मूल्य प्राप्त होगा।

## काउंसलिंग में देरी का असरः बीएड फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा अब अप्रैल में

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से संबद्ध बीएड कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बीएड फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा को अप्रैल 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह फैसला बीएड की काउंसलिंग प्रक्रिया में हुई देरी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि नए दाखिला लेने वाले छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

इस वर्ष सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में बीएड की काउंसलिंग प्रक्रिया असामान्य रूप से लंबी चली। बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने के कारण काउंसलिंग की शर्तों में ढील दी गई और इसकी अंतिम तिथि को कई बार आगे बढ़ाया गया। नतीजतन, काउंसलिंग की प्रक्रिया नवंबर महीने के अंत तक जारी रही।

## मोबाइल ऐप से हुई वाहनों की पासिंग अब आरटीओ कार्यालयों के चक्कर खत्म

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में वाहनों की पासिंग प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। अब प्रदेश में वाहनों की पासिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से की जा रही है, जिससे वाहन मालिकों को बार-बार आरटीओ कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। यह नई व्यवस्था हाल ही में प्रदेश के सभी आरटीओ कार्यालयों के माध्यम से शुरू की गई है और इसे तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। जहां हो रही होगी पासिंग वहां के सिर्फ 500 मीटर एरिया में ही पहली बार ऐसा हुआ है कि वाहनों की पासिंग के लिए पूरी प्रक्रिया मोबाइल ऐप और ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पूरी की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा विकसित यह विशेष मोबाइल ऐप केवल उस स्थान के 500 मीटर के दायरे में ही काम करता है, जहां वाहन की पासिंग होनी होती है। यदि मोबाइल फोन इस निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाता है, तो ऐप स्वतः काम करना बंद कर देता है। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया गया है कि पासिंग न तो किसी अन्य स्थान पर हो सके और न ही किसी व्यक्ति विशेष के पास जाकर की जाए। साथ ही, ऐप के जरिए एमवीआई (मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर) की लोकेशन भी ट्रैक की जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सके। पहले वाहन पासिंग की प्रक्रिया काफी लंबी और जटिल थी। वाहन मालिक को ऑनलाइन आवेदन के बाद एक फाइल तैयार करनी पड़ती थी।